# कार्यालय नगर परिषद, सीकर

क्रमांक :– 301-365 दिनांक :– 26/2/2015

## बैठक कार्यवाही विवरण

नगर परिषद सीकर के मण्डल की साधारण बैठक का आयोजन परिषद सभागार में दिनांक 24/02/2015 को प्रातः 11:00 बजे किया गया। बैठक में सभापति, उपसभापति व निम्न पार्षदगण उपस्थित हुए :–

1. श्री जीवण खां, सभापति
2. श्री अशोक चौधरी, उप सभापति
3. श्री शंकरलाल सैनी, पार्षद
4. श्री चांद खां मुगल, पार्षद
5. श्री बजरंगलाल पंवार, पार्षद
6. श्री योगेन्द्र कुमार, पार्षद
7. श्री मुस्ताक अहमद, पार्षद
8. श्री बलराम नायक, पार्षद
9. श्रीमति सुमित्रा देवी, पार्षद
10. श्री विनोद सैठी, पार्षद
11. श्री मोहम्मद मुस्ताक तंवर, पार्षद
12. श्री मोहम्मद शरीफ, पार्षद
13. श्री मुबारिक रंगरेज, पार्षद
14. श्रीमति रूबिना बानो, पार्षद
15. श्री मोहम्मद शाकीर, पार्षद
16. श्रीमति कंचन कुमावत, पार्षद
17. श्री रमजान बहलीम, पार्षद
18. श्रीमति रूचिका जोशी, पार्षद
19. श्री विमला कुमावत, पार्षद
20. श्री भागीरथमल सैनी, पार्षद
21. श्री आसिफ खोखर, पार्षद

22. श्रीमति सुमित्रादेवी गाउका, पार्षद

23. श्री अशोक कुमार सैनी, पार्षद

24. श्री परमेश्वरलाल सैनी, पार्षद

25. श्री अशोक कुमार चौधरी, पार्षद

26. श्री सुल्तान सिंह, पार्षद

27. श्री प्रदीप कुमार मिश्रा, पार्षद

28. श्री विश्वनाथ सैनी, पार्षद

29. श्री शुजाउद्दीन चौहान, पार्षद

30. श्रीमति सुबै दौलत, पार्षद

31. श्री महावीर प्रसाद वर्मा, पार्षद

32. श्री रविकान्त तिवाड़ी, पार्षद

33. श्रीमति नीतू तिवाड़ी, पार्षद

34. श्री खतिजा बानो, पार्षद

35. श्री सन्तोष देवी, पार्षद

36. श्री प्रेमचन्द सैनी, पार्षद

37. श्री सुरेश कुमार सैनी, पार्षद

38. श्रीमति पिंकी सैनी, पार्षद

39. श्री सरोज देवी, पार्षद

40. श्री सुलतान सिंह, पार्षद

41. श्री सुनील कुमार शर्मा, पार्षद

42. श्री हरीराम भड़िया, पार्षद

43. श्रीमति सपना चौधरी, पार्षद

44. श्री महेश जाखड़, एडवोकेट, पार्षद

45. श्रीमति शारदा दानोदिया, पार्षद

46. श्री मोहम्मद जावेद चौहान, पार्षद

47. श्रीमति आबिदा बानो, पार्षद

48. कुमारी रेश्मा वर्मा, पार्षद

49. श्रीमति परवीन बानो, पार्षद

बैठक में कोरम पूर्ण होने पर सभापति महोदय श्री जीवण खां की अध्यक्षता में बैठक की कार्यवाही निम्नानुसार हुई :–

सर्वप्रथम सभापति महोदय ने कहा कि मण्डल के नव निर्वाचित उपस्थित पार्षदगणों का स्वागत एवं अभिनन्दन करता हूं। इसके साथ ही परिषद के उपस्थित अधिकारी/कर्मचारीगणों तथा मिडिया के उपस्थित प्रतिनिधियों एवं उपस्थित गणमान्य नागरिकों का भी इस अवसर पर स्वागत करता हूं। मेरा आग्रह है कि पार्षदगण अपना अपना परिचय सदन में देवे ताकि परिषद परिवार के अधिकारी/कर्मचारीगणों से पारस्परिक परिचित हो सके। इस पर उपस्थित पार्षद महानुभावों ने एक एक करके अपना परिचय सदन में दिया। इसके साथ ही परिषद के आयुक्त एवं अन्य अधिकारियों ने पार्षदगणों का माला पहना कर एवं पुष्प भेंट करके सदन में परिषद की तरफ से औपचारिक स्वागत किया।

इसके बाद सभापति महोदय ने कहा कि सदन की अनुमति से आज की बैठक के एजेन्डे को क्रमवार सदन के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत कर रहा हूं। इस कडी में सर्वप्रथम एजेन्डा का प्रथम बिन्दु बजट वर्ष 2015–16 सदन के समक्ष प्रस्तुत करता हूं :–

1. बजट वर्ष 2015–16 की स्वीकृति बाबत

सभापति महोदय ने कहा कि सीकर की जनता ने आप पार्षद महानुभावो को शहर के विकास एवं मूलभुत समस्याओं के समाधान करने के लिए निर्वाचित करके भेजा है। इस क्रम मे आज के अवसर पर हम सभी यह संकल्प करे कि जनता की आशाओ के अनुरूप कार्य करने के लिए हम पूरी मेहनत एवं लगन के साथ अपना कार्य करेगें। आप हम सभी जानते है कि नगर परिषद द्वारा आम जनता को सबसे बुनियादी सुविधा सफाई एवं रोशनी की सेवा दी जाती है तथा शहर के विकास एवं सौन्दर्यकरण का कार्य करवाया जाता है। परिषद की सेवाओं से आम व्यक्ति का जीवन प्रत्यक्ष प्रभावित होता है। ऐसी स्थिति मे परिषद का दायित्व बहुत बड़ा एवं महत्वपूर्ण हो जाता है। परिषद अपनी सेवाए सुचारू रूप से जनता को उपलब्ध करवा सके इस दिशा मे वार्षिक बजट एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिसमें शहर के भावी विकास एवं योजनाओं का खाका सम्मिलित रहता है। इस दिशा मे नव निर्वाचित मण्डल का प्रथम बजट वित्तीय वर्ष 2015–16 का आपके समक्ष विचार हेतू रख रहा हूँ। आप अपने बहुमूल्य सुझाव दे सकते है, जिन पर मण्डल द्वारा विचार करके उचित निर्णय किया जावेगा। बजट मे कुल आवर्तक आय 7443.21 लाख प्रस्तावित की गई है तथा अनावर्तक आय 5722.29 लाख प्रस्तावित है।

आय के मुख्य मदो मे गृहकर/नगरीय विकास कर से 60 लाख रुपये आय रखी है। राजस्व एवं क्षतिपूर्तियो के मद मे 1177.16 की सम्भावित आय रखी गई है। निकाय सम्पतियो के किराये से 2.80 लाख

सभापति महोदय ने प्रस्ताव प्रस्तुत किया कि जनता की सुविधाओं के लिए उक्त स्थानों पर परिषद की तरफ से सुलभ कॉम्लेक्स/पेशाबघर की सुविधाएं निर्मित करना आवश्यक है। इसके लिए स्थान चिन्हित करके उक्त जन सुविधाएं सुलभ कराना उचित है। इस पर मण्डल ने उक्त प्रस्ताव को उचित बताते हुए उपरोक्त स्थानों पर सुलभ कॉम्पलेक्स अथवा पेशाबघर जो उपयुक्त हो बनाकर जन सुविधाएं सुलभ कराने के लिए स्वीकृति प्रदान की और होने वाले व्यय की वित्तीय स्वीकृति भी साथ ही प्रदान की।

14. निम्न स्थानों पर विकास कार्य हेतु वन भुमि के प्रत्यावर्तन का प्रस्ताव भेजने की स्वीकृति बाबत।

(I) शान्ति नगर, रामेश्वर कॉलोनी से औद्योगिक क्षेत्र तक सड़क निर्माण हेतु 1.0 हैक्टेयर वन भूमि का डायवर्जन करवाने का प्रस्ताव।

(II) पोलो ग्राउण्ड से बालाजी के मन्दिर तक सड़क निर्माण के लिए 1.0 हैक्टेयर वन भूमि का डायवर्जन कराने का प्रस्ताव।

(III) सांवली रोड पर स्टेडियम के सामने से औद्योगिक क्षेत्र तक लिंक रोड निर्माण के लिए गत मण्डल की बैठक दिनांक 05.03.2014 में पारित प्रस्ताव में क्षेत्रफल 2.48 हैक्टेयर के स्थान पर 4.2 हैक्टेयर का क्षेत्रफल संशोधित करने बाबत।

(IV) स्मृति वन सीकर परियोजना के लिये ईको इन्वायरमेन्ट सेन्टर के निर्माण हेतु 0.16 हैक्टर वनभूमि के प्रत्यावर्तन की अनुमति बाबत।

सभापति महोदय ने उपरोक्त प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए बताया कि वन भूमि में से जनता की सुविधा के लिए सड़क निर्माण एवं स्मृति वन परियोजना जैसी परिसम्पत्तियों के लिए वन भूमि के उपयोग करने की स्वीकृति के लिए वन भूमि का डायवर्जन करने का प्रस्ताव भेजा जाना उचित है। इस पर मण्डल ने विचार विमर्श करके सर्वसम्मति से निम्न उद्देश्यों/परिसम्पत्तियों के लिए जनहित में वनभूमि के डायवर्जन की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेजने का अनुमोदन किया :–

(I) शान्ति नगर, रामेश्वर कॉलोनी से औद्योगिक क्षेत्र तक सड़क निर्माण हेतु 1.0 हैक्टेयर वन भूमि का डायवर्जन करवाने का प्रस्ताव।

(II) पोलो ग्राउण्ड से बालाजी के मन्दिर तक सड़क निर्माण के लिए 1.0 हैक्टेयर वन भूमि का डायवर्जन कराने का प्रस्ताव।

(III) सांवली रोड पर स्टेडियम के सामने से औद्योगिक क्षेत्र तक लिंक रोड निर्माण के लिए गत मण्डल की बैठक दिनांक 05.03.2014 में पारित प्रस्ताव में क्षेत्रफल 2.48 हैक्टेयर के स्थान पर 4.2 हैक्टेयर का क्षेत्रफल संशोधित करने बाबत।

(IV) स्मृति वन सीकर परियोजना के लिये ईको इन्वायरमेन्ट सेन्टर के निर्माण हेतु 0.16 हैक्टर वनभूमि के प्रत्यावर्तन की अनुमति बाबत।

15. निर्बन्ध योजना में स्वीकृत कार्य रोशनगंज से शिव कॉलोनी तक एवं शिव कॉलोनी से बीड़ तक पाईप ड्रेन के स्वीकृत कार्य को मौके की परिस्थिती के कारण स्थान में आंशिक संशोधन करना आवश्यक होने से अब यह कार्य निम्न स्थान पर किया जाना है :–

(I) बकरा मण्डी स्कुल के पूर्व दिशा वाली गली से बकरा मण्डी के उत्तरी–पश्चिमी कॉर्नर तक 900 एम.एम. व्यास का पाईप नाला निर्माण।

(II) बकरा मण्डी चौराहे से मुख्य चेम्बर से बकरा मण्डी के उत्तरी–पश्चिमी कॉर्नर तक 900 एम.एम. व्यास का पाईप नाला निर्माण

(III) बकरा मण्डी के उत्तरी–पश्चिमी कॉर्नर से मोचियान जाव, फिरदोस कॉलोनी होते हुए ताज नगर तक टी.सी.आई.एल. द्वारा निर्मित बड़े पाईप नाले तक 1200 एम.एम. व्यास का पाईप नाला निर्माण।

सभापति महोदय द्वारा उक्त प्रस्ताव प्रस्तुत किया। मण्डल द्वारा विचार विमर्श करके सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की कि निर्बन्ध योजना में स्वीकृत कार्य रोशनगंज से शिव कॉलोनी तक एवं शिव कॉलोनी से बीड़ तक पाईप ड्रेन के स्वीकृत कार्य को मौके की परिस्थिती के कारण स्थान में आंशिक संशोधन करना आवश्यक होने से अब यह कार्य निम्न स्थान पर करने की स्वीकृति सर्वसम्मति से प्रदान की जाती है :–

(I) बकरा मण्डी स्कुल के पूर्व दिशा वाली गली से बकरा मण्डी के उत्तरी–पश्चिमी कॉर्नर तक 900 एम.एम. व्यास का पाईप नाला निर्माण।

(II) बकरा मण्डी चौराहे से मुख्य चेम्बर से बकरा मण्डी के उत्तरी–पश्चिमी कॉर्नर तक 900 एम.एम. व्यास का

... नियमानुसार कार्यवाही करने की सहमति प्रदान की तथा सिटी मोनेटरिंग कमेटी में स्थान ... हेतु रखने की सहमति दी।

...डल द्वारा उपरोक्त समस्त प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किये गये। इसके बाद सभापति महोदय ने आग्रह किया कि फतेहपुर के पूर्व विधायक श्री भंवरू खां एवं नगर परिषद सीकर के पूर्व पार्षद श्री गफुर खां के निधन पर सभी उपस्थित महानुभाव दो मिनट का मौन रखकर श्रृद्धांजलि अर्पित करें। इस पर सभी ने दो मिनट का मौन रखा और शोक व्यक्त किया।

इसके बाद बैठक की कार्यवाही सधन्यवाद समाप्त की गई।

(जीवण खां)
सभापति
नगर परिषद, सीकर

(मदन कुमार शर्मा)
आयुक्त
नगर परिषद, सीकर
दिनांक – 26/2/2015

क्रमांक:– 301-365

प्रतिलिपि :–

1. सभापति महोदय, नगर परिषद, सीकर
2. माननीय श्री सुमेधानन्द सरस्वती सांसद, सीकर वैदिक आश्रम, पिपराली,सीकर
3. माननीय श्री रतनलाल जी जलधारी, विधायक, सीकर निवासी डोलियों का बास, सीकर
4. श्रीमान निदेशक महोदय, स्वायत शासन विभाग, जयपुर
5. श्रीमान जिला कलेक्टर, सीकर
6. श्रीमान उपनिदेशक (क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, राजस्थान, जयपुर
7. उपसभापति, नगर परिषद, सीकर
8. नेता प्रतिपक्ष, नगर परिषद, सीकर
9. समस्त पार्षदगण, नगर परिषद, सीकर
10. अधिशाषी अभियन्ता, नगर परिषद, सीकर
11. सचिव, नगर परिषद, सीकर
12. राजस्व अधिकारी, नगर परिषद, सीकर
13. लेखाधिकारी, नगर परिषद, सीकर
14. सहायक अभियन्ता (निर्माण), नगर परिषद, सीकर
15. कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत), नगर परिषद, सीकर
16. उद्यान अधीक्षक, नगर परिषद, सीकर
17. कार्यालय सहायक नगर परिषद, सीकर
18. सम्बन्धित शाखा, नगर परिषद, सीकर

(मदन कुमार शर्मा)
आयुक्त
नगर परिषद, सीकर